अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495009

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 909 / स्था.प्रशा. / 202 बिलासपुर, दिनांक 18/05/2023

प्रति,

01. समस्त विभागाध्यक्ष,
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

02. प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :– नवाचारों को प्रोत्साहन के उद्देश्य से आर्थिक सहायता हेतु आवेदनों का आमंत्रण।

संदर्भ :– सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग, योजना भवन, नार्थ ब्लाक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र पृ. क्रमांक / 1076 / F2 (SS)-04/Notif-रायोआ / नवा. / 2023, दिनांक 24.04.2023

—00—

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन करें।

01/. राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में नवाचारों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य के संतुलित विकास में उपयोगी नवाचारों की पहचान करने के उद्देश्य से राज्य के शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थाओं, उद्योगों एवं नवप्रवर्तकों से आवेदन आमंत्रित है।

02/. राज्य योजना आयोग, छ.ग. के संदर्भित पत्र के अनुक्रम में इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं इस संबंध में राज्य योजना आयोग के दिनांक 19 जुलाई 2022 को जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। दिनांक 31 मई 2023 तक प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा। नवाचारों के आवेदन हेतु दिशा–निर्देश तथा आवेदन का प्रारूप राज्य योजना आयोग की वेबसाईट http://spc.cg.gov.in/ पर उपलब्ध है। आवेदक दिशा–निर्देशों के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक–I) में अपना आवेदन 'ऑफलाइन' अथवा 'ऑनलाइन' ई–मेल आईडी ms.cgspc@gov.in पर सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ को प्रेषित कर सकते है।

03/. अतः राज्य योजना आयोग के उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुसार अपने विभाग/महाविद्यालय में संबंधितों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्रमांक / 910 / स्था.प्रशा. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 18/05/2023

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ शासन, योजना भवन, नार्थ ब्लाक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर के संदर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में सूचनार्थ प्रेषित।
3. कार्यालयीन प्रति।

उप कुलसचिव (प्रशासन)